# रिसोर्स पर्सन की सेवा हेतु विज्ञापन

**भाषा एवं सांस्कृतिक शिक्षण मॉड्यूल/हस्त-पुस्तिका (माध्यमिक स्तर) के विकास के लिए**
**45-दिवसीय अल्पकालिक कार्यशाला**

**स्थान :** राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर शिक्षा मंत्रालय की एक परियोजना है। इसके द्वारा निम्नलिखित सत्रह (17) भाषाओं में भाषा एवं सांस्कृतिक शिक्षण मॉड्यूल/हस्तपुस्तिका के विकास/ समीक्षा पर 45 दिवसीय (केवल कार्य दिवस) अल्पकालिक कार्यशाला में भाग लेने के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं—

1. असमिया
2. बंगाली
3. बोडो
4. गारो
5. गुजराती
6. कन्नड़
7. खासी
8. मलयालम
9. मणिपुरी
10. मराठी
11. मिज़ो
12. नेपाली
13. ओड़िया
14. पंजाबी
15. तमिल
16. तेलुगू
17. उर्दू

**उपलब्ध पद :**
पदों की कुल संख्या मात्र सत्रह (17) है। तथापि, कार्य/निधि आदि की उपलब्धता या सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार पदों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

**उत्तरदायित्व :**
भाषा एवं सांस्कृतिक शिक्षण मॉड्यूल/हस्तपुस्तिका के विकास/ समीक्षा

- पाठ्य पुस्तकों/पत्रिकाओं/लेखों/इंटरनेट/शैक्षणिक डेटाबेस आदि के आधार पर स्वतंत्र अनुसंधान करने मे सक्षम होना चाहिए।
- आवश्यकतानुसार समय-समय पर विभिन्न अंतःविषयी क्षेत्रों/दिए गए कार्यों के बीच बदलाव करने में सक्षम होना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता :**

भाषाविज्ञान/लैंग्वेज साइंसेस/भाषाओं/साहित्य आदि में एम.ए. /एम.फिल/पीएच.डी।
(पीएच.डी उपाधि प्राप्त प्रत्याशियों को वरीयता दी जाएगी)

**पात्रता :**

- उपरोक्त भाषाओं में से किसी एक भाषा का मूल वक्ता / मातृभाषा-भाषी जिसमें पढ़ने, लिखने एवं बोलने में उन्नत कौशल हो।
- भाषा विज्ञान / लैंग्वेज साइंसेस / भाषा / साहित्य में एम.ए.। भाषा विज्ञान / भाषाओं में एम.फिल / पीएच.डी. धारक उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- अंग्रेजी पर उत्कृष्ट अधिकार और हिंदी में कार्य साधक प्रवीणता।
- भाषिक समुदाय के सांस्कृतिक मूल्यों की समझ।
- शिक्षा और अनुसंधान के लिए समूहों में काम करने की क्षमता।
- एक मान्य शैक्षणिक / पेशेवर रिकॉर्ड के साथ विभिन्न भाषाओं में काम करने की क्षमता अति वांछनीय है।

**मानदेय :**

- टीए / डीए का भुगतान संस्थान के मानदंडों के अनुसार किया जाएगा तथा पीएच.डी. धारक के लिए प्रति कार्य दिवस 1,500/- रुपये और एम.ए., एम.फिल धारक के लिए प्रति कार्य दिवस 1,000/- रुपये का मानदेय दिया जाएगा।
- पर्यवेक्षक प्राधिकारी के नियमों और निर्णय के अनुसार उम्मीदवारों को उनके सफलतापूर्वक काम पूरा करने पर उसे विधिवत स्वीकृति / मान्यता प्रदान की जाएगी।
- भोजनालय की सुविधा रियायती दरों पर उपलब्ध है।

**आवास सुविधा : (पहले 45 कार्यदिवसों के लिए शुल्क का भुगतान संस्थान / परियोजना / योजना द्वारा किया जाएगा)**

बाहर के प्रतिभागियों को उपलब्धता के आधार पर एसआरएलसी छात्रावास में रियायती दरों पर आवास उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रतिभागियों को अपनी चादर, कंबल, मच्छरदानी, प्रसाधन आदि स्वयं लाना होगा।

**पति/पत्नी/परिवार के सदस्यों/मित्रों आदि के रहने की व्यवस्था किसी भी कीमत पर नहीं की जाएगी।**

**नियम और शर्तें:**

- इन पदों के लिए आवेदन करने वाले प्रतिभागियों को 45 कार्य दिवसों के लिए यहाँ प्रवास का इच्छुक होना चाहिए। कार्यशाला के दौरान किसी भी तरह के अवकाश (अपरिहार्य स्थितियों को छोड़कर) पर विचार नहीं किया जाएगा।
- सौंपे गए कार्य को संपादित करने के लिए उम्मीदवारों के पास अपने स्वयं का लैपटॉप (4 जीबी रैम तथा विंडोज 7 से ऊपर के साथ, कोर 2 डुओ प्रोसेसर का न्यूनतम कॉन्फ़िगरेशन) होना चाहिए। कार्यालय द्वारा प्रतिभागियों को स्थान और इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।
- संस्थान द्वारा लैपटॉप या वर्क स्टेशन प्रदान नहीं किया जाएगा।
- उम्मीदवारों को किसी भी मानदेय का पात्र होने के लिए सौंपे गए कार्य को दी गई समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा करना होगा।
- कार्यशाला की अवधि को कार्य की मात्रा और प्रकृति, तथा धन की उपलब्धता, या किन्हीं अन्य अप्रत्याशित कारणों से बढ़ाया या घटाया जा सकता है। ऐसे मामले में, उम्मीदवारों को तुरंत काम का स्थान / छात्रावास/ परिसर आदि छोड़ने के लिए कहा जा सकता है। ऐसे किसी भी मामले में पर्यवेक्षण / सक्षम अधिकारियों का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

- इस प्रकार की शैक्षणिक कार्यशालाओं में भागीदारी अपनी प्रकृति में विशुद्ध रूप से अस्थायी तथा आवश्यकता आधारित है। प्रतिभागी संस्थान की योजनाओं / परियोजनाओं / यूनिट में किसी अन्य पद के लिए किसी भी प्रकार का दावा / पक्ष / प्राथमिकता की माँग नहीं कर सकता है।
- सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम / कार्यशाला में भाग लेने के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आचार संहिता / दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। सीआईआईएल शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का एक अधीनस्थ कार्यालय है। कार्यक्रम / कार्यशाला के दौरान किसी भी तरह के उल्लंघन / कदाचार पर संस्थान/ भारत सरकार के नियमों के अनुसार गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**आवेदन कैसे करें:**
कार्यशाला के लिए आवेदन के इच्छुक https://apply.ciil.org/ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2023 है। उपयुक्त उम्मीदवारों को अंतिम तिथि से पहले भी आमंत्रित किया जा सकता है।

**चयन का तरीका :** शार्ट-टेलीफोनिक / ज़ूम / गूगलमीट इंटरव्यू
**संपर्क :**

किसी भी प्रक्रियात्मक / सामान्य जानकारी के लिए, कृपया 0821-2345113/0821-2345112 या conf.ws.nts@gmail.com पर कार्यालय समय (09.00 पूर्वाह्न से 05.30 अपराह्न) के दौरान ही संपर्क करें।

किसी भी शैक्षणिक जानकारी के लिए, कृपया सिर्फ कार्यालय समय (09.00 पूर्वाह्न से 05.30 अपराह्न) के दौरान 0821-2345018 या headnts@gmail.com पर संपर्क करें।